भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2910

**दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**जीएम रबर पौधे**

**2910. श्री वी. के. श्रीकंदन:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह **बताने** की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रबर उत्पादक समितियों के क्षेत्रीय संघों के राष्ट्रीय संघ (एनसीआरएफआरपीएस) के तत्वावधान में रबर किसानों ने विशेष रूप से पारंपरिक क्षेत्रों में आनुवंशिक रूप से संशोधित रबर पौधों के उपयोग की मांग की है:
(ख) क्या यह भी सच है कि रबर उत्पादक समितियों के क्षेत्रीय संघों के राष्ट्रीय कंसोर्टियम ने इस संबंध में सरकार को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है;
(ग) क्या यह भी सच है कि केरल में कई किसान नये रबर के पेड़ लगाने से इंकार करने को तैयार दिख रहे हैं;
(घ) क्या यह भी सच है कि जीएम रबर पौधों को लगाना शुरू करने की अत्यावश्यकता है, बावजूद इसके कि केरल जैसे राज्यों ने इनके उपयोग की अनुमति देने से इनकार कर दिया है; और
(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख): जी, हां।

(ग): इस संबंध में कोई विशिष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है।

(घ) और (ङ.): किसी राज्य में जीएम रबर पौधों की शुरूआत तभी संभव है जब संबंधित राज्य सीमित क्षेत्र परीक्षण शुरू करने की अनुमति प्रदान करें। असम राज्य में 2021 और त्रिपुरा राज्य में 2024 के दौरान जीएम रबर पौधों के सीमित क्षेत्र परीक्षण शुरू किए गए हैं। हालाँकि, केरल सरकार ने इसके लिए अनुमति नहीं दी है।

****